मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-232
05/06/2022

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में किया पौधारोपण

पटना, 05 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 1, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास परिसर में दुधिया मालदह आम के पौधे का रोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर वर्ष इस अवसर पर पौधारोपण करते हैं। आज दुधिया मालदह आम पौधे का रोपण किया है। उन्होंने कहा कि पटना में दुधिया मालदह आम की प्रजाति घट रही है। इस प्रजाति को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण आवश्यक है ताकि जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******